प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.03.2026 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 09:20बजे

''पहले मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनार को करेंगे संबोधित–वेबिनार का विषय आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– पश्चिमी एशिया में संघर्ष और तनाव की स्थिति को देखते हुए सरकार अलर्ट–सभी नागरिक सुरक्षित।
- प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने पांच शहरी निकायों में पुनर्सिमांकन शेड्यूल किया जारी।
- रंगों के पर्व होली को लेकर बाज़ारों में बढ़ी रौनक– कुल्लू में भगवान रघुनाथ जी को आज चढ़ेगा गुलाल–होलिका दहन की रस्म भी होगी पूरी।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनार को संबोधित करेंगे, जिसका विषय है आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सूचित किया है कि इस वेबिनार में औद्योगिक विस्तार, तकनीकी क्षेत्र में महारत हासिल करने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नींव को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे दूरदर्शी सुधारों पर चर्चा की जाएगी। कार्यालय ने कहा कि ये विचार–विमर्श प्राथमिकताओं को प्रभावी कार्यों में बदलने पर केंद्रित होगा। वेबिनार में उद्योग जगत के प्रतिभागियों के जमीनी अनुभव से प्राप्त मार्गदर्शन प्रभावी कार्यान्वयन में सहायक होगा।

हर्षवर्धन

पश्चिमी एशिया में संघर्ष और तनाव की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार भी पूरी तरह अलर्ट है और स्थिति पर लगातार नज़र बनाए हुए हैं। ये जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया में रह रहे हिमाचल के सभी नागरिक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विदेश मंत्रालय से लगातार संपर्क में है और पता लगाया जा रहा है कि प्रदेश के कितने लोग प्रभावित क्षेत्र में मौजूद है।

स्वास्थ्य मंत्री

आधुनिक समय में आयुर्वेद पद्धति का महत्व बढ़ रहा है। यह रोगों का उपचार करने के साथ–साथ बीमारियों की रोकथाम और बेहतर जीवनशैली पर बल देता है। ये बात स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कल सोलन के सतडोल में 37 लाख रुपए से नवनिर्मित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन तथा करीब नौ लाख रुपए से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का लोकार्पण करने के दौरान कही। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ज़िला सोलन में 2 आयुर्वेदिक अस्पताल, 2 होम्योपैथिक अस्पताल तथा 82 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत है। उन्होंने कहा कि एक राज्य स्तरीय अभियान के अंतर्गत आगामी 3 माह के भीतर 14 वर्ष की आयु की 65 हजार लड़कियों को सर्विकल कैंसर की रोकथाम के लिए मुफ्त एच.पी.वी टीके लगाए जा रहे है। उन्होंने अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कर्मियों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बच्चियों के स्वास्थ्य के लिए एच.पी.वी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल किया जाएगा।

शहरी निकाय

प्रदेश में नगर–निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने पांच शहरी निकायों में पुनर्सिमांकन शेड्युल जारी किया है। इनमें बिलासपुर में नगर पंचायत झंडुता और स्वारघाट, हमीरपुर में नगर परिषद नादौन, सिरमौर में नगर पंचायत संगड़ाह और ऊना में नगर पंचायत बंगाणा के वोर्डों का पुनर्निधारण होगा। शेडयूल के अनुसार आज पुनर्सिमांकन का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा जबकि 10 मार्च तक आम लोगों से आपत्तियां व सुझाव मांगे गए हैं। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने बताया कि इस शेड्यूल को पूरी पारदर्शिता और संवैधानिक मानकों के तहत 30 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

अग्निवीर भर्ती

अग्निपथ योजना के तहत मंडी, कुल्लू और लाहौल स्पीति जिलों के अभ्यर्थी जिन्होंने 2025 की लिखित परीक्षा उतीर्ण की थी उनके लिए भर्ती रैली 22 से 30 मार्च तक मंडी जिला के पंडोह में आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल गौतम निशांत ने बताया कि लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड अधिकारिक वैब साइट पर जारी कर दिए गए हैं।

होली

रंगो का पर्व होली को लेकर प्रदेश भर में उत्सव जैसा माहौल बना है। जहां एक ओर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में होली मेलों की धूम है वहीं बाज़ारों में रौनक देखने को मिल रही है। इस बार प्रदेश में लोग हर्बल रंगों की खरीददारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। एक रिपोर्ट––

आपसी मेल–मिलाव, सौहार्द व खुशियों के पर्व होली को लेकर प्रदेश भर के बाज़ारों में रौनक बढ़ गई है। राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकतर बाज़ारों में इस बार लोग व खासकर बच्चे त्वचा का ध्यान रखते हुए हर्बल रंगों को खरीदने के लिए प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं दुकानदारों का मानना है कि मंहगाई के बावजूद भी लोग हर्बल गुलाल प्राथमिकता के आधार पर खरीद रहे हैं।

इधर कुल्लू में होली की शुरूआत बसंत पर्व के दिन से होती है। इस दिन से लगातार 40 दिनों तक भगवान रघुनाथ पर गुलाल चढ़ाया जाता है। आज 40वां और अंतिम दिन है जिसके चलते आज शाम भगवान रघुनाथ जी के बेड़े में होलिका दहन की रस्म निभाई जाएगी, जिसे स्थानीय भाषा में फाग रस्म कहा जाता है। इसके पश्चात इस क्षेत्र में रंगों से होली नहीं मनाई जाती। वहीं प्रदेश के विभिन्न स्थानों में इन दिनों राष्ट्रीय से लेकर जिलास्तरीय होली उत्सवों की धूम है जिनमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्तर का सुजानपुर टिहरा, पालमपुर व मंडी के सेरी मंच का होली उत्सव मुख्य रूप से शामिल है। आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं विनोद कुमार।

किसान संगोष्ठी

मंडी जिला के कृषि विकास खंड करसोग के सेरी बंगलो में आत्मा परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान सगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की पांच पंचायतों से लगभग सौ किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और किसानों को जागरूक करना रहा।

युवा सांसद

युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तत्वावधान में इन दिनों प्रदेश भर में राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल सोलन में आयोजित प्रतियोगिता में जिले भर से कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला उपायुक्त राहुल जैन ने अपने संबोधन में युवाओं से सामाजिक, आर्थिक व विकास आधारित मूल्यों पर गहन मंथन करने का आह्वान किया।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है राज्यसभा चुनाव कांग्रेस देगी स्थानीय को वरियता–आज हो सकता है प्रत्याशी घोषित। जबकि दिव्य हिमाचल के शब्द है सीएम सुक्खू ने हाइकमान पर छोड़ा राज्यसभा का फैसला।

पंजाब केसरी बतौर मुख्यमंत्री लिखता है आरडीजी बंद होने से राज्य के बजट पर पड़ेगा 15 फीसदी प्रभाव।

स्पेशल सेंट्रल असीस्टेंस के तहत मुख्यमंत्री ने मांगा वित्तीय पैकेज शीर्षक से खबर को हिमाचल दस्तक ने सुर्खी दी है। इसी खबर पर दैनिक जागरण के शब्द है सुक्खू ने मांगा विशेष पैकेज सीतारमन ने दिया आश्वासन।

दैनिक भास्कर की एक खबर है नए नगर निकायों या जिनमें या जिनमें नए क्षेत्र जोड़े गए हैं सीर्फ वहीं होगा वार्डों का परिसीमन।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनार को करेंगे संबोधित–वेबिनार का विषय आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– पश्चिमी एशिया में संघर्ष और तनाव की स्थिति को देखते हुए सरकार अलर्ट–सभी नागरिक सुरक्षित।
- प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने पांच शहरी निकायों में पुनर्सिमांकन शेड्यूल किया जारी।
- रंगों के पर्व होली को लेकर बाज़ारों में बढ़ी रौनक– कुल्लू में भगवान रघुनाथ जी को आज चढ़ेगा गुलाल–होलिका दहन की रस्म भी होगी पूरी।